फांसी के फंदे पर लटके मिले पति-पत्नी

जिले के रहली क्षेत्र की घटना, डेढ़ महीने की गर्भवती थी पत्नी, तीन साल पहले किया था प्रेम विवाह, कारणों का नहीं चला पता

नवभारत न्यूज

रहली 2 अप्रैल. जिले के रहली थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदपुर गांव के मुठिया टोला में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है. यहां पति-पत्नी के शव उनके ही घर में फांसी के फंदे पर लटके मिले. विशेष बात यह रही कि दोनों ने शादी का जोड़ा पहन रखा था, घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई.

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को फंदे से उतारा और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए रहली स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया. प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, हालांकि घटनास्थल से कोई

सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान राजेंद्र उर्फ गोलू पटेल (22 वर्ष), पिता गणेश पटेल, एवं उसकी पत्नी काजल पटेल (21 वर्ष) के रूप में हुई है. दोनों ने करीब तीन वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था और साथ रह रहे थे. परिजनों के अनुसार बुधवार रात परिवार के सभी सदस्य एक साथ भोजन करने के बाद अपने-अपने कमरों में चले गए. राजेंद्र और काजल भी अपने कमरे में सोने चले गए थे. जब देर रात तक दोनों बाहर नहीं आए तो परिजनों को शंका हुई. राजेंद्र के पिता ने कमरे के पास जाकर देखा तो दरवाजा अंदर से अटका हुआ था, जबकि कुंडी खुली थी.

अंदर झांकने पर दोनों पति-पत्नी फांसी के फंदे पर लटके मिले, इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई. पोस्टमॉर्टम के दौरान एक महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है, रहली अस्पताल की डॉक्टर अनामिका विश्वास ने पुष्टि की है कि काजल करीब डेढ़ महीने की गर्भवती थी. इस जानकारी के सामने आने के बाद मामला और भी गंभीर हो गया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेंद्र की मां का पूर्व में ही निधन हो चुका है. घर में उसके पिता और छोटा भाई रहते हैं. दंपती मकान के एक हिस्से में अलग रहते थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य दूसरे हिस्से में निवास करते थे. राजेंद्र मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था और उसके पास कुछ कृषि भूमि भी थी. परिजनों ने बताया कि दोनों के बीच किसी प्रकार का विवाद या तनाव सामने नहीं आया था, उनका वैवाहिक जीवन सामान्य और खुशहाल बताया जा रहा है, ऐसे में इस आत्मघाती कदम के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है. थाना प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. मामले की जांच की जा रही है. अंतिम संस्कार के बाद मायके और ससुराल पक्ष के लोगों के बयान दर्ज किए जाएंगे.

दीक्षांत समारोह

सागर. वनस्थली विद्यापीठ का 42वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी फोरम (हश्वञ्जस्र) के अध्यक्ष प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे रहे. आमिर खान को फिजिकल एजुकेशन में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की. डॉ. आमिर खान लंबे समय से खेल शिक्षा से जुड़े हुए हैं और उन्होंने अपने शोध कार्य के माध्यम से फिजिकल एजुकेशन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. जिले के निवासी एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ. आमिर खान ने फिजिकल एजुकेशन में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है. डॉ. आमिर खान एक प्रतिष्ठित पारिवारिक पृष्ठभूमि से आते हैं. पिताजी सलीम खान पूर्व जिला अधिकारी (सेवानिवृत्त) रहे हैं एवं उनके दादाजी स्व. शहीद खान पीली कोठी के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं.

दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता

नवभारत न्यूज

सागर 2 अप्रैल. शहर के प्रसिद्ध धर्मस्थल रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में स्थितश्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर में अंजनीपुत्र वीर हनुमान जी के प्रकटोत्सव का पुण्य पर्व धार्मिक पूजन संस्कारों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया.

चरणसेवक पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने परिजनों के साथ प्रात: काल पहुंच कर अभिषेक, 56भोग और आरती के साथ कार्यक्रमों का आरंभ किया. रात्रि 11 बजे तक चले दर्शनार्थियों के क्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी के दर्शन किए. रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी का दिव्य और भव्य मंदिर में प्रात: से ही अखंड रामायण का सस्वर पाठ आरंभ हुआ. प्रात: कालीन अनुष्ठानों के साथ दर्शन आरंभ हुए. श्री हनुमान लला जू को 56 भोग के बाद प्रसादी वितरण भी हुआ, संध्या काल में श्री राधे राधे में मंडल द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति की गई. संध्या आरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया. इस अवसर पर मंदिर परिसर को ध्वजाओं व आकर्षक रंगीन एलईडी सजावट से सजाया गया था और संगीत के साथ पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह स्वयं दिन भर भगवान हनुमान जी की सेवा में प्रांगण में उपस्थित रहे.

शहर के अनेक गणमान्य व जनप्रतिनिधिगण सहित हजारों श्रद्धालुओं ने श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर में दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया.

दूध दही शहद से किया अभिषेक

नवभारत न्यूज

सागर 2 अप्रैल. भगवान श्री हनुमान जन्म उत्सव पर श्री देव डूठाबली हनुमान जी को गंगा नर्मदा सरजू आदि विभिन्न नदियों के जल से एवं दूध दही शहद से अभिषेक किया गया.

भगवान को सिंदूर अर्पण कर 6 किलो चांदी की पोशाक संतोष सोनी मारुति द्वारा अर्पण कर श्रृंगार किया गया. महाभोग एवं 1100 दीपों से महा आरती शाम 8:00 बजे की गई. श्री राम मारुती धाम मंदिर लहदरा नाका भोपाल रोड स्थित मे पिता केसरी जी मां अंजनी देवी एवं 21 फुट के बड़े हनुमान की पूजन

अर्चना कर मां अंजनी माता को गुड विश्व आर के लड्डू एवं हनुमान जी को दूध फलों आदि भोग लगा कर महा आरती संतोष सोनी मारुति के द्वारा की गई महा आरती में शामिल हुए. श्री मारुती धाम मंदिर भारत में एकमात्र मंदिर है जिसमें पिता केसरी मां अंजनी देवी के साथ श्री हनुमान जी विराजमान है.

एल्डरमैन बनने पर किया गया स्वागत

राहतगढ़. भाजपा जिला प्रभारी प्रदेश सदस्य सलीम रंगरेज़ के निवास पर नगर परिषद के पुर्व उपाध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता पुरनदास पंथी को नगर परिषद में एल्डरमैन बनाए जाने पर स्वागत सम्मान किया गया एवं केबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी का आभार व्यक्त किया.

वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई मासिक बैठक

नवभारत न्यूज

सागर 2 अप्रैल. वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई द्वारा मासिक बैठक का सफल आयोजन किया गया.

इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री निकेश गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी में जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर महिला इकाई की ओर से सम्मान किया. अध्यक्षता करते हुए वैश्य महासम्मेलन की संभागीय अध्यक्ष श्रीमती विनीता केसरवानी ने कहा कि समाज में ऐसे दूरदर्शी एवं नेतृत्व क्षमता से परिपूर्ण व्यक्तित्व ही समाज को नई दिशा देते हैं. श्री गुप्ता ने कहा कि आने वाला समय महिलाओं का है उन्हें अभी से अपनी प्रतिभा को निखारते हुए सामाजिक कार्यों में पूर्ण रूप से संलग्न होना चाहिए. बैठक में जिला प्रभारी श्रीमती दीप्ति गुप्ता, संयोजक श्रीमती शशि साहू, नगर अध्यक्ष श्रीमती संध्या केसरवानी, श्रीमती ज्योति जुड़ेले, श्रीमती चंपा नायक, श्रीमती भावना केसरवानी, श्रीमती अलका केसरवानी, श्रीमती सुनीला केसरवानी, श्रीमती पूनम मेवाती, श्रीमती नंदिनी सोनी, श्रीमती माया केसरवानी, सीमा जैन एवं माधुरी केसरवानी उपस्थित रहीं.

जश्न ए कव्वाली प्रतियोगिता संपन्न

नवभारत न्यूज

सागर 2 अप्रैल. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय ने 8वे वर्षों में इस बार पुनः स्थान प्राप्त किया और द्वितीय स्थान प्राप्त किया.

डॉ अवधेश प्रताप सिंह तोमर के साथ स्तुति खम्परिया के नेतृत्व में प्रतिभागी हिमांश खरारे, अभिरुद्र तिवारी, विधान चौबे, गोविंद अंश तिवारी, नीलम मिश्रा, विकास सिंह, शुभम कुशवाह, शुलभ विश्वकर्मा, मोहित चतुर्वेदी, मनीष विश्वकर्मा, तबले की संगत शोधार्थी गगन राज ने प्रस्तुति दी.कब्बली प्रतियोगिता मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी हैदराबाद में 1-2 अप्रैल को आयोजित हुई. विश्वविद्यालय की टीम का दबदबा रहा.

बिजली कर्मचारी महासंघ का धरना प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

सागर 2 अप्रैल. बिजली कर्मचारी महासंघ के द्वारा कर्मचारियो की द्वितीय चरण में 12 सूत्रीय माँगो को लेकर मुख्य अभियंता परिसर के गेट पर धरना प्रदर्शन किया गया.

संचालन रामविवेक गौतम प्रभारी सागर क्षेत्र के द्वारा किया गया. मुख्य वक्ता आशीष सिंह प्रदेश संयुक्त महामंत्री बीएमएस ने संविदा कर्मचारियों को नियमित किए जाने एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को उप्र एवं हरियाणा की तर्ज पर निगम/मंडल बनाकर संविलयन, अनुकंपा आश्रितो को वर्ष 2000 से नियुक्ति दिलाने,

अनुकंपा में संविदा में भर्ती किए गए कर्मचारियो को नियमित करने, अनुबंधित मीटर वाचको को नियुक्ति दिलाने एवं अन्य मॉगो को लेकर पूर्व में जो ज्ञापन दिया गया था उस पर कोई कार्यवाही नही की गई है. 16 अप्रैल को भोपाल में प्रदेश व्यापी आदोलन में सम्मिलित होने की अपील की गई. प्रदर्शन में जगदीश जरोलिया, दीपक मिश्रा, किशोरी लाल रायकवार, रामलखन श्रीवास्तव, अवनीश जारोलिया, अमित पोरवाल, राजेश दरयानी, राजेश मेवाती, अतुल खरे, सोने चुटीले मौजूद थे.

भक्ति, संस्कार एवं आध्यात्मिक साधना का माध्यम बन रही कथा

नवभारत न्यूज

रहली 2 अप्रैल. कृषक खेल परिसर में आयोजित श्री भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन किया गया.

कथा व्यास राम कृपाल त्रिपाठी के मुखारविंद से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के दिव्य चरित्र एवं प्रेरणादायी प्रसंगों का श्रवण कर श्रोताओं ने आत्मिक शांति का अनुभव करते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया.

यह आयोजन समस्त क्षेत्रवासियों के लिए भक्ति, संस्कार एवं आध्यात्मिक साधना का माध्यम बन रही है.

आकर्षक झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

गौरझामर 2 अप्रैल. हनुमान जयंती पर नगर के सभी मंदिरो पर पूजा अर्चना आरती अनुष्ठान भजन कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किये गए.

हनुमान जयंती मनाने के लिये करीब एक पखवाड़े से तैयारियां चल रही थी. हनुमान जयंती पर नयापुरा से शोभायात्रा जुलूस निकाला गया जो करीब एक किलोमीटर लंबा था, जिसमे अनेकों रंग-बिरंगी अति आकर्षक नयनाभिराम झांकियां शामिल की गई. इसमे हनुमान जी के चित्र की पारंपरिक झांकी के साथ भगवान श्री राम सीता लक्ष्मण आदि की

आकर्षक झांकियां चल समारोह में शामिल की गई. इसमे गदा लिये हनुमान जी की जीवंत झांकी रामदरबार झांकी श्री राम झांकी बाल हनुमान झांकी टैक्टर-ट्रालियों बैलगाड़ियो पर सजाकर निकाली गई. शोभांयात्रा का शुभारंभ नयापुरा श्री सिध्देश्वर हनुमान मंदिर से हुआ जो नयापुरा दालमील मेन रोड पुरानी ग्रामपंचायत मैन मार्केट नया बसस्टेंड हनुमान चौराहा पुलिस थाना बैक फूलबाग बुधवारा बाजार बीजासेन महाकाली तिराहा बजरिया होता हुआ अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचां, जहां पर पूजा अर्चना आरती अनुष्ठान व प्रसाद वितरण किया गया.

कार्यशाला एवं जागरुकता रैली

नवभारत न्यूज

सागर 2 अप्रैल. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी सदर में पर्यावरण संरक्षण से विश्व की रक्षा हेतु इको क्लब के अंतर्गत कार्यशाला एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया.

यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉक्टर कल्पना शर्मा के निर्देशन में किया गया एवं विद्यालय की इको क्लब प्रभारी डॉक्टर रानू सोनी थी. कार्यशाला के मुख्य विषय जल, ऊर्जा, मृदा संरक्षण एवं संवर्धन, प्रदूषण नियंत्रण एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग कम करना, कचरा प्रबंधन,पक्षी संरक्षण एवं वृक्षारोपण आदि रहे. विद्यार्थियों ने पुराने समाचार पत्र का प्रयोग करके पेपर के थैले बनाए एवं प्लास्टिक के थैले ना उपयोग करने का संदेश दिया, प्लास्टिक के पुराने बोतल से पक्षियों के लिए सकोरा, फ्लावर पॉट, बर्ड फीडर आदि बनाए एवं वृक्षारोपण किया. इस अवसर पर आर के जैन, आलोक गुप्ता,शिवानी गौतम, नेहा पटेल आदि मौजूद थीं.

हनुमान जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर हमें राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए : मंत्री श्री राजपूत

नवभारत न्यूज

सागर 2 अप्रैल. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने हनुमान प्राकट्योत्सव के अवसर पर जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया.

इस दौरान उन्होंने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और समृद्धि की कामना की. इस अवसर पर मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि भगवान हनुमान त्याग, सेवा और पराक्रम के प्रतीक हैं, उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर हमें समाज और राष्ट्र के हित में कार्य करना चाहिए. उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार भी सेवा, सुशासन और जनकल्याण की

भावना के साथ निरंतर कार्य कर रही है. मंत्री श्री राजपूत बालाजी मंदिर धर्माश्री में आयोजित हनुमान प्राकट्योत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए. उन्होंने भगवान हनुमान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की .मंत्री श्री राजपूत ग्राम सीहोरा पहुंचे, जहां हनुमान प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल हुए.

इसके पश्चात मंत्री श्री राजपूत सिद्ध देव सिद्धेश्वर चंपाबाग लक्ष्मीपुरा वार्ड में सर्व सिद्धेश्वर समिति द्वारा आयोजित हनुमान प्राकट्योत्सव चल समारोह में शामिल हुए. इस अवसर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, विधायक शैलेंद्र जैन, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार,भाजपा नेता नेवी जैन आदि मौजूद थे.

युवती लापता होने पर मामला दर्ज, युवक पर शक

ललितपुर. कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला से युवती के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है. इस संबंध में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. महिला ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी करीब 18 वर्षीय पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई और काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका. परिजनों ने रिश्तेदारों एवं आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाने का प्रयास किया, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका. तहरीर में एक युवक पर संदेह व्यक्त किया गया है, जो पूर्व में युवती के संपर्क में था और उसे लेकर पहले भी परिजनों द्वारा समझाइश दी गई थी.

केंट सीईओ को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सागर 2 अप्रैल. छावनी परिषद वासियों की जन समस्याओं तथा विभिन निर्माण कार्यों में घटिया निर्माण को लेकर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी की अगवाई में कांग्रेसजनों ने मुख्य अधिशासी अधिकारी को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा.

पूर्व मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि डीएनसीबी हायर सेकेंडरी स्कूल तथा एमएलबी उ.मा.वि.क्रमांक 02 के भवन निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग व भ्रष्टाचार के चलते वर्षों से अधूरे पड़े निर्माण कार्य पूर्ण नही हुये हैं जिसका खामियाजा उक्त स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को उठाना पड़ रहा है. स्कूलों के भवन निर्माण में हुई अनियमितता की जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने के साथ-साथ उक्त दोनों स्कूलों के भवन निर्माण का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराया जाए.

कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./नामा.शा./न.नि./2025-26/44 — :: सूचना ::- — सागर दिनांक: 26/3/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अत: इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

क्र.	प्र.क्र.	वार्ड का नाम भवन/प्लाट	किस आधार पर	नाम बेचवार/वसीयतनामा/ दानदाता/वंशानुक्रम	जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है
1.	2171/25-26	परकोटा	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	राजेंद्र कुमार पिता छोटेलाल गौतम	बसंत कुमार पिता स्व. रामकृष्ण गौतम
2.	2172/25-26	तुलसीनगर	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	प्रकाश पिता मूलचंद पटैल	इंदरलाल पिता किशनलाल बिलोने
3.	2173/25-26	शास्त्री वार्ड	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	सुरेंद्र पाल पिता स्व. सरदार दर्शन सिंह	संजय कुमार पिता छोटेलाल जैन
4.	2174/25-26	शास्त्री वार्ड	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	सुरेंद्र सिंह पिता स्व. सरदार दर्शन सिंह भाटिया	दीप्ती पुत्री सुधीश जैन
5.	2175/25-26	शास्त्री वार्ड	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	हर्ष कुमार पिता राजकुमार एवं जितेंद्र बाबू पिता बाबूलाल साहू	नमिता पिता धन्नालाल जैन
6.	2176/25-26	शास्त्री वार्ड	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	लक्ष्मी पति अनिल जैन	प्रियदर्शनी पति वैभव जैन
7.	2177/25-26	शास्त्री वार्ड	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	लक्ष्मी पति अनिल जैन	प्रियदर्शनी पति वैभव जैन
8.	2178/25-26	काकागंज	मृत्यु-प्रमाण पत्र, शपथ पत्र	मोहनलाल पिता मिट्ठू गधेरा	भागवतीबाई प्रजापति पति सीताराम एवं दशरथ पिता सीताराम गधेरा
9.	2179/25-26	शास्त्री वार्ड	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	गोपालदास पिता राधेश्याम गुप्ता	ओमप्रकाश पिता हरिशचंद्र अग्रवाल
10.	2180/25-26	बाघराज	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	कामिनी पति शरदचंद दुबे	पारुल पति अरविंद कुमार श्रीवास्तव

कृते आयुक्त
नगर पालिक निगम सागर

सदनशाह बाबा दरगाह पर आस्था का सैलाब

नवभारत न्यूज

ललितपुर 2 अप्रैल. सांप्रदायिक सौहार्द और कौमी एकता के प्रतीक महान सूफी संत हजरत बाबा सदनशाह रहमतुल्लाह अलैह का 108वां सालाना उर्स मनाया जा रहा है.

उर्स में जायरीन ने बाबा के आस्ताने पर हाजिरी दी और मखमली चादर पेश कर मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी. शुरुआत उर्स कमेटी के संरक्षक गुडडू राजा बुंदेला और शशिभूषण सिंह बुंदेला द्वारा परंपरागत चादर पोशी से हुई. इसके बाद महफिल-ए-कव्वाली का आगाज हुआ, जिसमें मशहूर

कव्वाल जुनैद सुल्तानी ने जायरीनों को मंत्रमुग्ध कर दिया. महफिल-ए-कव्वाली का रूहानी सफर जुनैद सुल्तानी ने कार्यक्रम का आरंभ अल्लाह की शान में हम्द से किया, तेरी महफिल में जो भी आता है खाली नहीं जाता, तेरा जलवा कहीं भी नजरों से टाली नहीं जाता है.

आज अनीस नवाब की प्रस्तुति, चार अप्रैल को सामूहिक विवाह

उर्स कमेटी के जनरल सेकेट्री मोहम्मद नसीम ने बताया कि आज शुक्रवार को कव्वाली के आखिरी दिन अनीस नवाब फन पेश करेंगे. उर्स के मौके पर 4 अप्रैल को इज्तिमाई शादियां संपन्न कराई जाएंगी.

मां-बेटी की हुई दर्दनाक मौत, पिता की हालत गंभीर

नवभारत न्यूज

सागर 2 अप्रैल. जिले के मालथौन थाना अंतर्गत अमझरा से दर्शन कर वापस लौट रहे एक ही परिवार के तीन सदस्यों को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमे मां और बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए हैं.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजा राजपूत निवासी परसोन पठारी परिवार सहित बाइक पर सवार होकर दर्शन करने गए थे. लौटते समय मालथौन थाना के सामने पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार महिला और उनकी बेटी ने घटनास्थल पर सरोज रानी राजपूत पति- राजा राजपूत, निवासी परसोन पठारी, रश्मि राजपूत पति- दीपक राजपूत, निवासी देवपुरा (बेटी) की मोके पर ही मौत हो गई है. वही राजा राजपूत निवासी परसोनपठारी को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है.